बीएसीएसए नियमावली:

दक्षिण एशिया में पुरानी क़ब्रों और क़ब्रिस्तानों की देखभाल

के लिए एक अमली पुस्तिका

डॉ. नीता दास द्वारा डॉ. सारा रदरफोर्ड और डॉ रोजी लेवेलिन-जोन्स के सहयोग से ब्रिटिश एसोसिएशन फॉर सिमिट्री (बीएसीएसए) के लिए तैयार की गई है. इसका हिंदी अनुवाद सदफ़ जाफ़र द्वारा किया गया है.

London 2020

प्रस्तावना

दक्षिण एशिया में स्थित पुराने यूरोपीय कब्रिस्तानों के प्रबंधन के लिए यह एक व्यावहारिक पुस्तिका है. यह अपने आप में पहला प्रकाशन है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से उन पुराने कब्रिस्तानों के संरक्षण और मरम्मत करने की समस्याओं से निपटना है जो आज दक्षिण एशिया में विरासत और पर्यटन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है.

यह एक छोटी और सरल पुस्तिका है जो उन प्रक्रियाओं और सामग्रियों की पहचान करने में मदद करती है जिनका उपयोग संरक्षण के लिए किया जाना चाहिए. यह हर उस व्यक्ति के लिए उपयोगी साबित हो सकती है, जो मरम्मत कार्य से सम्बन्ध रखता है. यह पुराने कब्रिस्तानों में आम समस्याओं का विवरण देते हुए उन्हें हल करने के तरीकों से अवगत कराती है.

दक्षिण एशिया में कब्रिस्तान का विस्तार खड़ी ढलान वाली पहाड़ियों से लेकर रेगिस्तानी मैदानों और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने जंगलों तक हर जगह है. क़ब्रों की बनावट में भी विविधता देखी जा सकती है लेकिन कुछ बुनियादी सिद्धांत हैं जो आमतौर पर इन अधिकाँश कब्रिस्तानों पर लागू किए जा सकते हैं. क़ब्रों का निर्माण ज़्यादातर स्थानीय उपलब्ध सामग्रियों से किया गया है, जिन्हें आज भी मरम्मत के काम के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है.

नवीनीकरण का कार्य बहुत सवेदनशील तरीके से किया जाना चाहिए और यथासंभव उसके ऐतिहासिक बनावट और चरित्र को बनाये रखना ज़रूरी है और साथ ही उसके बाद से नियमित रूप से उनका रखरखाव किया जाना चाहिए.

इस पुस्तिका को प्रस्तुत करने वाली संस्था, ब्रिटिश एसोसिएशन फ़ॉर सिमिट्रीज़ इन साउथ एशिया (बीएसीएसए) लन्दन में स्थित एक गैर-सरकारी दानी-संस्था है जिसकी स्थापना 1976 में हुई थी. यह यूरोपीय उन कब्रिस्तानों के रखरखाव लिए अनुदान देती है जहाँ ईस्ट इंडिया कंपनी से सम्बंधित लोगों ने अपना पाँव रखा और 1947 तक रहे.

विषय

भाग एक
1.0 कब्रिस्तान
1.1 कब्रिस्तान के हिस्से
1.2 कब्रिस्तान की परिकल्पना
1.3 कब्रिस्तान का प्रबंधन देखने के लिए कर्मचारी

2.0 ऐतिहासिक संरचनाएँ
2.1 ऐतिहासिक महत्व
2.2 सुरक्षात्मक संगठन
2.3 गैर-ऐतिहासिक स्मारक
2.4 उपयुक्त मरम्मत

3.0 रखरखाव और प्रबंधन
3.1 सुरक्षा
3.2 भू-दृश्य और रखरखाव
3.3 गृह व्यवस्था
3.4 आगंतुक, योजनाएं और अभिलेख
3.5 रखरखाव की जाँच सूची

भाग दो
4.0 संरचनाओं का नवीनीकरण
4.1 स्मारकों के प्रकार
4.2 कब्र के तत्व
4.3 निर्माण के तरीके और सामग्री
4.4 नुकसान के सामान्य कारण
4.5 सामान्य समस्यायें

5.0 मरम्मत कार्य की योजना तैयार करना
5.1 प्रलेखन
5.2 सर्वेक्षण
5.3 लागत का अनुमान लगाना

6.0 मरम्मत के संभावित तरीके
6.1 मरम्मत की सामग्री
6.2 स्मारक के अंग
6.3 न्यूनतम हस्तक्षेप
6.4 कब्र का ढेहना और ज़मीन के नीचे का ढ़ांचा
6.5 परत चढ़ाना और गिट्टक
6.6 अभिलेख

शब्दावली

1. कब्रिस्तान

1.1 कब्रिस्तान के हिस्से

क़ब्रिस्तान और कब्रगाहों की देखभाल में तीन चीज़ें शामिल हैं: पूरा क्षेत्र, पुरानी कब्रें और नई कब्रें.

कुल क्षेत्र में चाहरदीवारी, फाटक, चौकीदार का घर, कब्र, पेड़, चैपल, कब्रिस्तान का कार्यालय, सड़क, आस-पड़ोस और किसी भी अन्य संबंधित सेवाओं या संरचनाओं सहित कोई भी निर्मित संरचना शामिल हैं.

एक लिखित योजना, और उनके स्थान, कुल नाप, और अन्य विवरणों की जानकारी होना ज़रूरी है. यह जानकारी पुरानी फाइलों से एकत्रित की जानी चाहिए और किसी वास्तुकार या भवन सर्वेक्षणकर्ता द्वारा इनका एक व्यापक डिजिटल चित्र तैयार करवाया जा सकता है.

यह जानकारी योजना बनाते समय, लगत का मूल्यांकन करने और दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन की निगरानी करने के लिए अत्यंत उपयोगी है.

1.2 कब्रिस्तान की परिकल्पना

एक बार जानकारी एकत्र हो जाने के बाद, कब्रिस्तान की पूरे हालात का आकलन करना, समस्याओं की पहचान करना और सामान्य परिकल्पना तैयार करना प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण काम है.

विकास कार्य के लिए एक समयरेखा के साथ अनुमानित बजट तय करना योजना बनाने, धन जुटाने और काम में लाने में उपयोगी है, यह परिकल्पना इस बात पर निर्भर करेगी कि कब्रिस्तान को 'दफनाने के लिए बंद' किया गया है या नहीं, यह एक विरासत के तौर पर संरक्षित है, या अभी भी इसका उपयोग दफ़नाने के लिए किया जाता है.

रिश्तेदारों और पर्यटकों, कार्यालय कर्मचारियों, दफन के अभिलेखन के लिए रजिस्टर, कंप्यूटर, शौचालय, आदि सहित आगंतुकों के लिए स्थान के बारे में भी सोचा जाना चाहिए.

1.3 कब्रिस्तान का प्रशासन देखने के लिए कर्मचारी

एक कब्रिस्तान को उन लोगों की आवश्यकता होती है जो उसका प्रबंधन कर सकते हैं. यदि यह एक बंद कब्रिस्तान है, तो कम से कम एक निगरानी करने वाला, कुछ माली और एक प्रबंधक होना चाहिए.

यदि कब्रिस्तान उपयोग में है, तो एक प्रबंधक के साथ एक कार्यालय और शायद एक लेखाकार की जरूरत है. यदि कब्रिस्तान ऐतिहासिक महत्व का है, तो एक पुरातत्वविद् या संरक्षण वास्तुकार टीम का हिस्सा हो सकता है. कर्मचारियों को अंशकालिक, पूर्णकालिक, या सलाहकार के रूप में नियुक्त किया जा सकता है.

प्रत्येक कब्रिस्तान को ट्रस्टी के एक समूह की आवश्यकता होती है, जिन्हें नियमित अंतराल पर मिलना चाहिए ताकि परिकल्पना तैयार की जा सके, पूँजी जुटाने में मदद मिल सके, काम की निगरानी हो और पैसों का प्रवाह बना रहे. उन्हें कर्मचारियों की नियुक्ति करनी चाहिए और उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को निर्धारित और रेखांकित करना चाहिए, जिनकी नियमित रूप से देखरेख करने की आवश्यकता पड़ती है.

2. एतिहासिक संरचनाएं

2.1 एतिहासिक महत्त्व

सबसे पहले किसी भी कब्र, समाधी या अलग-थलग पाई जाने वाली स्मारक की 'ऐतिहासिक' स्थायित्व को समझना और प्रलेखित करना महत्वपूर्ण है.

सामान्य शब्दों में, कोई भी निर्मित संरचना जो सौ साल से अधिक पुरानी है और उसका किसी विशेष व्यक्ति या घटना के साथ जुड़ाव है, तो ऐसी संरचना को 'ऐतिहासिक' माना जाता है.

'पारंपरिक' कब्र, स्मारक या पृथक स्मारक वह है जो किसी राष्ट्र की विरासत की देखरेख करने वाले संगठन के संरक्षण में हो या किसी गैर सरकारी संस्थान और उस संगठन द्वारा सूचीबद्ध हो..
(नीचे देखें 2.2)

2.2 सुरक्षात्मक संगठन

जब एक 'पारंपरिक' कब्र, स्मारक या पृथक स्मारक को इन संगठनों में से एक द्वारा मान्यता देकर अपनाया जाता है, तो इसे 'संरक्षित स्मारक' के रूप में जाना जाता है और संबंधित संगठन की अनुमति के बिना इस पर कोई काम नहीं किया जा सकता है. अन्य पुरानी संरचनाएँ 'ऐतिहासिक' हो सकती हैं लेकिन उनके पास कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है.

इस प्रकार यह कब्रिस्तान, दफनगाह, और विरासत से संबंधित सभी स्थानीय नियमों का रिकॉर्ड रखने में मददगार साबित होता है.

राष्ट्रीय संगठन

भारत: भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), राज्य पुरातत्व विभाग

इनटैक (कला और सांस्कृतिक विरासत के लिए भारतीय राष्ट्रीय ट्रस्ट)

पाकिस्तान: पाकिस्तान का पुरातत्व विभाग और संग्रहालय हेरिटेज फाउंडेशन

2.3 गैर-एतिहासिक स्मारक

तीन प्रकार की कब्रें और स्मारक 'गैर-ऐतिहासिक' के होने के दायरे के अंतर्गत आती हैं और उन्हें नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होती है. ये हैं:

क) नए बनी हुई कब्रें अथवा स्मारक

ख) कब्रें, पुरानी या नई, लेकिन बिना किसी स्मारक की मौजूदगी के

ग) ऐतिहासिक 'स्मारक जो इतना ध्वस्त हो चुके हैं कि मरम्मत से परे हैं और उनका दोबारा नवीनीकरण नहीं किया जा सकता है.

उपरोक्त सभी मामलों में, किसी में भी मरम्मत की सामग्री और विधियों का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है और 'नए' और 'समकालीन' सामग्री और डिज़ाइन का उपयोग उनके पुनर्निर्माण किया जा सकता है जिसे परिवार के सदस्यों द्वारा चुना जा सकता है या कब्रिस्तान ट्रस्ट और अधिकारियों द्वारा सुझाई गई प्रतिकृति द्वारा तैयार किया जा सकता है.

इस काम को अंजाम देने के लिए ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित स्थानीय ठेकेदारों की मदद ली जा सकती है. किसी वास्तुकार या इंजीनियर को भी

इस कार्य के लिए रखा जा सकता है . यह काफी हद तक परिवार के सदस्यों की इच्छा पर निर्भर करेगा.

काम की शुरुआत से पहले तैयार की गई कब्र की परिकल्पना और उसपर आने वाली लागत का अनुमान उन परिवार के सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जो कब्र के निर्माण के दौरान कार्य की निगरानी करेंगे जो नई कब्रों के निर्माण के समान है. इस तरह की कब्रों को विभिन्न ट्रस्टों के साथ मिलकर काम करने वाले परिवारों द्वारा भी बनाए रखा जाना चाहिए. गैर-ऐतिहासिक स्मारक को 'विरासत' के लिए दिए जाने वाले अनुदान का पात्र नहीं माना जायेगा.

2.4 उपयुक्त मरम्मत

निर्माण की प्रणालियां समय के साथ बदलती रहती हैं और एक सौ साल पुरानी संरचनाओं का उन तरीकों का उपयोग करके मरम्मत करना होगा जो समकालीन काम से अलग हैं.

इसलिए सबसे पहले, उन संरचनाओं की पहचान करना आवश्यक है जिनका एतिहासिक महत्त्व हो और फिर उनका संवेदशीलता से मरम्मत का काम किया जाना चाहिए.

3. रखरखाव और प्रबंधन

3.1 सुरक्षा

दक्षिण एशिया में लगभग सभी कब्रिस्तानों में एक न एक कारण से सुरक्षा सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है. इसलिए सबसे पहली और महत्वपूर्ण बात यह है कि कब्रगाह को एक मजबूत दीवार की मदद से सुरक्षित करना है. उस दीवार का रखरखाव करना महत्वपूर्ण है, जैसे ही वह क्षतिग्रस्त हो, उसकी मरम्मत करें.

यदि संभव हो तो कब्रगाह पर रौशनी का माकूल इन्तेजाम होना चाहिए और बंद सर्किट कैमरे (सीसीटीवी) लगाये जाने चाहिए. एक कार्यवाहक (जिसे चौकीदार के रूप में भी जाना जाता है) को सुरक्षा की देखरेख करनी चाहिए और अपने परिवार के साथ उसी स्थान पर रहना चाहिए.

एक बड़े खुले स्थान में अकेले रहना एक व्यक्ति के लिए थोड़ा कठिन हो सकता है, खासकर अगर उसका सामना नशा करने वालों, नशे में लोगों और बंदूक या अन्य हथियारों से लैस चोरों से हो. रात में कब्रिस्तान गैरकानूनी गतिविधियों और बेघर लोगों का अड्डा बन सकते हैं.

यह सलाह दी जाती है कि स्थानीय पुलिस और पास के समुदाय के साथ नियमित संपर्क बनाये रखा जाए जिनसे जरूरत पड़ने पर मदद के लिए संपर्क किया जा सके. यदि स्थान में गुन्जायिश हो, तो बागवानों को साइट पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है.

3.2 भू-दृश्य और रखरखाव

अगली बात जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है कि पूरे कब्रिस्तान को लोगों के आसान रखरखाव और आवाजाही के लिए सुलभ बनाया जाए.

हर समय रास्ते और सड़कों को साफ रखने की जरूरत है.

कब्रिस्तान को बाढ़ से बचाने के लिए, एक अच्छी जल निकासी प्रणाली का होना आवश्यक है और साथ ही बरसात से पहले नालियों को साफ किया जाना चाहिए.

जो कब्रिस्तान उष्णकटिबंधीय जलवायु में स्थित हैं, उन्हें विशेष रूप से मानसून के मौसम के बाद वनस्पति की नियमित सफाई की आवश्यकता होती है.

कभी-कभी 'घांस' और जंगली पेड़-पौधों को अधिक प्रबंधित रोपण के तरीकों को अपनाना ज्यादा उपयोगी होता है. हालांकि, इसके लिए पानी की नियमित आपूर्ति की आवश्यकता होगी.

3.3 गृह व्यवस्था

कब्रिस्तान में नियमित रूप से झाड़ू लगाने और अन्य सफाई की आवश्यकता होती है. गीली पत्तियां, काई जो मानसून के दौरान बढ़ती हैं और पहाड़ी कब्रिस्तानों में पाइन-सुइयां गिरती हैं, ये परिस्थितियाँ सभी कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए फिसलन से भरी और खतरनाक हो सकती हैं. बड़े कब्रिस्तानों को मामूली झाड़ू या किसी भी हाथ में पकडे जाने वाले उपकरण से आसानी से नियमित तौर पर सफाई की जा सकती है.

स्थानीय निगम के सहयोग से जैविक कूड़े' और कचरे को इकट्ठा करने के लिए एक प्रणाली पर काम किया जाना चाहिए.

बिजली का मीटर, रौशनी, पंप, जल निकासी, सीसीटीवी कैमरे, बिलों का भुगतान और करों, आदि सहित सभी सेवाओं के काम और रखरखाव की देखरेख के लिए किसी की नियुक्ति की जानी चाहिए.

3.4 आगंतुक, योजनाएं और अभिलेख

कब्रिस्तान को किसी ऐसे व्यक्ति के लिए उपयुक्त बनाना, जिसे परिवार की कब्र की तलाश हो, बेहद आवश्यक है. आगंतुकों को एक तरफ वहाँ आकर अभिवादित महसूस हो साथ ही एक व्यस्त कब्रिस्तान में तोड़फोड़ की घटना को रोकने में मदद मिलेगी. पंक्ति क्रमांकन प्रणाली, शौचालय, प्रवेश द्वार और निकास द्वार आदि को इंगित करने के लिए स्पष्ट लेकिन दखलंदाजी न करने वाले संकेतकों का उपयोग करें.

कब्रिस्तान के प्रवेश द्वार पर एक बोर्ड पर एक सामान्य साइट की योजना लगायी जानी चाहिए, यदि संभव हो तो कब्रिस्तान का नाम, उसका पता और एक संपर्क फोन नंबर भी लिखा जाना चाहिए. ध्यान रखा जाना चाहिए कि संकेतक किसी ऐसी सामग्री के हो जिसमें चोरों की दिलचस्पी नहीं हो और प्रकृति की विधाएं आसानी से कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकती हों.

कब्रिस्तान के अंदर साइट की योजना, प्लॉट नंबर, पंक्तियों और दफन के अभिलेख को दर्शाती हो, जहां वे मौजूद हैं, जिनको सन्दर्भ के अनुसार आसानी से समझा जा सकता हो.

कब्रिस्तान को सुपाठ्य और सुलभ बनाने के लिए डिजिटल तरीकों और अनुप्रयोगों का उपयोग किया जा सकता है.

3.5 रखरखाव की जाँच सूची

यह महत्वपूर्ण है कि कब्रिस्तान और उसके भीतर बहाल संरचनाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना चाहिए.

साप्ताहिक और मासिक निरीक्षणों में इमारतों की नुकसान करने वाली जंगली वनस्पति और उनके द्वारा संरचनाओं में हुई क्षति या दरारों की जाँच शामिल होनी चाहिए.

स्मारकों से बड़े पौधों की कटाई को हटाते समय और अधिक नुकसान से बचने की कोशिश करें, खासकर जहां जड़ों ने संरचना में प्रवेश कर लिया हो.

वार्षिक निरीक्षण मुक़म्मल और विस्तृत होना चाहिए. सभी क्षति, इसकी सीमा, और इससे निपटने के लिए कार्रवाई को पहचानें और प्राथमिकता दें.

मामूली मुद्दों को एक स्थानीय पर्यवेक्षक की सहभागिता से हल किया जाना चाहिए जबकि किसी बड़ी समस्या को संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाया जाना चाहिए. जैसा कि आमतौर पर कहा जाता है, समय पर लगा एक टांका, नौ का काम करता है.

तोड़-फोड़, असामाजिक गतिविधियों, अवैध इमारतों (अतिक्रमण) और घुसपैठियों से कब्रिस्तान को सुरक्षित रखें.

नालियों और अन्य सेवाओं के स्थान की पहचान करें और उनका नक्शा तैयार करें. नालियों को साफ रखें और बनावट में किसी भी मामूली क्षति को देखते ही तुरंत मरम्मत करवाएं, ताकि ज्यादा बड़े नुकसान से समय रहते बचा जा सके.
किनारों सहित रास्तों की मरम्मत करवाएं जिससे पहले की कोई समस्या से सामना हो.
कूड़े की नियमित सफाई की जानी चाहिए.

भाग 2

4. संरचनाओं का नवीनीकरण

4.1 स्मारकों के प्रकार

17 वीं शताब्दी में यूरोपीय कब्रें अक्सर बड़ी गुंबदों के साथ, दो मंजिला संरचनाएं होती थीं, जिन्हें स्तंभों और स्तूपिकाओं के साथ विस्तृत रूप से सजाया जाता था. ये आकृतियाँ लगभग सभी संरक्षित स्मारक में देखी जा सकती हैं.

18 वीं शताब्दी में मस्तूरी वास्तुकला पश्चिम में नव-शास्त्रीय पुनरुद्धार से प्रभावित थी, और ज्यामितीय आकृतियाँ, जिनमें ओबलीक्स, पिरामिड और एकल स्तंभ, कभी-कभी कलशों के साथ, चलन में थे. मकबरे के आकार से व्यक्ति के धन और स्थिति को दर्शाया जाता था.

19 वीं सदी की कब्रें विक्टोरियाई ब्रिटेन के धार्मिक पुनरुद्धार को दर्शाती हैं, जिसमें गोथिक वास्तुकला, सलीब, भावुक शिलालेख और मूर्तियाँ शामिल हैं.
20 वीं शताब्दी में मकबरे सरल आकार के हो गए, सपाट पत्थर ज़मीन पर क्षैतिज रूप से रखे गए;

कब्रों पर उत्कीर्ण पत्थर या या सीढ़ी वाला संगमरमर का चबूतरा जिसके ऊपर एक सलीब होता है.

अन्य सामान्य प्रकार की कब्रें हैं बैरल कब्रें, घुमावदार अर्ध-चक्र, जैसे कि बैरल को आधा काटा गया हो और बक्सानुमा कब्रें. जो चकोर या आयताकार होती थी जिनका निर्माण चबूतरे पर किया जाता था जिसके नीचे मृतक का पार्थिव शरीर लेटाया जाता था.

4.2 कब्र के तत्व

एक साधारण कब्र को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:

क) ज़मीन के नीचे बनी संरचना या ताबूत को रखने के बना दफन कक्ष

ख) कभी-कभी फूटपाथ के साथ, संरचना का मजबूती देने के लिए बना चबूतरा

ग) ज़मीन के ऊपर बनी संरचना जिसमें एक या एक से अधिक सूचना पैनल शामिल हैं जैसे कि अभिलेख का पत्थर, समाधि के ऊपर का पत्थर, पैताने का पत्थर या स्मारक या इनमें से कोई एक.

4.3 निर्माण के तरीके और सामग्री

भारतीय उप-महाद्वीप में उत्कीर्ण बलुआ पत्थर और संगमरमर का उपयोग उन लोगों द्वारा किया जाता था जो इसे खरीद सकते थे लेकिन 18 वीं और 19 वीं शताब्दी के अधिकांश मकबरों का निर्माण चूनम (प्लास्टर) द्वारा ढंकी हुई ईटों से किया गया था. महीन चूनम में पिसे हुई सीप को चूना, सुरखी (पीसा हुआ ईंट) और गुड़ (एक बाध्यकारी तत्व के रूप में बेंत की चीनी का उत्पाद) के साथ मिला कर तैयार किया जाता था, लेकिन मिट्टी गारा और चूने के प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री का भी आमतौर पर उपयोग किया जाता था.

छोटे आयताकार ईंटों, जिन्हें लखोरी और नारंगी / लाल रंग के रूप में जाना जाता है, अक्सर बाहरी महीन सिल्मिट / प्लास्टर समय के साथ ख़राब हो जाती है. स्थानीय रूप से तैयार ईंटों और आसानी से उपलब्ध पत्थरों का उपयोग करना भी आम था. उपयोग की जाने वाली सामग्रियों में व्यापक बदलाव के कारण, नवीनीकरण शुरू करने से पहले इस्तेमाल की गई सामग्रियों का विश्लेषण किया जाना चाहिए.

स्मारक के एक या अधिक किनारों में पत्थर, संगमरमर या स्लेट के शिलालेख लगाए गए थे.

स्तंभों, लाटों और लंबे स्मारकीय विशेषताओं में लोहे की छड़ों का उपयोग एक कोर या रीढ़ की हड्डी के रूप में किया गया था जिसके चारों ओर ईंटें रखी गई थीं. ईंटों से बने मकबरों के ऊपर ईंटों के गुंबदों और सजावटी मिट्टी के बर्तनों के लिए छड़ का भी इस्तेमाल किया गया था. स्मारकों के आसपास की लोहे की रेलिंग लोकप्रिय थीं और हालांकि लगभग सभी को हटा दिया गया है, जहां वे डाले गए थे वहाँ छेद अभी भी कई फूटपाथ और चबूतरों पर देखे जा सकते हैं.

4.4 नुकसान के सामान्य कारण

कब्रों और स्मारकों को नुकसान के चार प्रमुख कारण हैं:

क) एक सख्त जलवायु; बारिश और दिन का ऊँचा तापमान, विशेष रूप से दक्षिण एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में.

ख) कब्रों और स्मारकों की क्षति के रखरखाव के अभिलेख की कमी, विशेष रूप से जब वे वनस्पति और जड़ प्रणालियों के साथ ऊपर उठ जाते हैं, जिससे उनकी नींव को नुकसान पहुंचाता है.

ग) तीसरा प्रमुख कारण पुरानी कब्रों में नए शवों को दफन करना. नक्काशीदार पत्थर के अभिलेख, और दूसरे पत्थर के टुकड़े, दूसरे को दफनाने के बाद हटा दिया जाते हैं और फिर से इस्तेमाल कर लिए जाते हैं, तो अक्सर बहुत नुकसान होता है. यदि पत्थरों के नीचे की संरचना को ठीक से समतल या निर्मित नहीं किया गया है, तो कब्र ऊपर से झुक जाती है, जिसके कारण उसके ऊपर रखा गया स्मारक झुक जाता है और कभी-कभी टूट भी जाता है.

घ) आगंतुकों और पर्यटकों द्वारा तोड़फोड़, भित्ति चित्र और लापरवाह व्यवहार भी कब्रों को काफी नुकसान पहुँचाता है.

4.5 सामान्य समस्यायें

अवल्तन, जिसके परिणामस्वरूप कब्र के पत्थर और स्मारकों में झुकाव आ जाता है या वो ढह भी सकते हैं.

ज़मीन के नीचे जाने से क़ब्रों का धंसना.
क़ब्रों में और उनके आसपास पौधों और पेड़ों की जड़ों के बढ़ने से स्मारकों और कब्रों की संरचना कमज़ोर होकर चिटक या धंस सकती है.

समय के साथ ख़राब होती सामग्री जिसमें पत्थर का क्षय (यहां तक कि संगमरमर बार-बार मानसून से ख़राब हो सकता है) और शिलालेखों का क्षतिग्रस्त होना या शब्दों का धुंधला या गायब होना शामिल हो सकता है.

5. मरम्मत कार्य की योजना तैयार करना

5.1 प्रलेखन

नवीनीकरण से पहले जो सबसे पहली चीज करने की आवश्यकता है, वह ध्यान से संरचना का दस्तावेज तैयार करना है, जिसका अर्थ है कि हर तरफ से से फोटो खींचना जिसे करते वक़्त हर छोटे विवरणों को शामिल करने का ध्यान रखा जाये. एक योजना, अनुभाग, ऊंचाई सहित एक मापा ड्राइंग, और कुछ निर्माण का विवरण और उसपर आने वाली लागत का अनुमान पुनर्निर्माण में उपयोगी साबित होता है.

इसके बाद उपयोग की जाने वाली सामग्री, विशेष रूप से पत्थर, गारा और प्लास्टर के प्रकारों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए. (पैरा 4.3 ऊपर देखें)

अंत में, सारे अक्षर की खासतौर से अभिलेखों के अक्षरों की भविष्य को ध्यान में रखकर नवीकीकरण किया जाना चाहिए.

कब्र या स्मारक की एक पुरानी तस्वीर, जो किसी भी इतिहास के साथ उपलब्ध है, पुनर्निर्माण के दौरान उपयोगी साबित होती है.

नवीनीकरण से पहले, दौरान और बाद में फोटो खींचकर प्रलेखन किया जाना चाहिए.

5.2 सर्वेक्षण

नवीनीकरण की योजना के दूसरे चरण में स्मारक की हालत का सर्वेक्षण शामिल है, स्मारक के सभी दोषों और समस्याओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए.

वनस्पति, दरारें, और मलिनकिरण की उपस्थिति जैसे दृश्य दोष अक्सर समस्याओं के लक्षण होते हैं, साथ ही साथ समस्याएं भी.

इस प्रकार, वनस्पति खराब रखरखाव का संकेत दे सकती है, गंदगी के संग्रह के परिणामस्वरूप छोटे पौधों का अंकुरण होता है जो तेजी से आकार में बढ़ता जाते हैं,

इसी तरह, दरारें,झुकाव, जमीन का धंसना या वनस्पति, झाड़ियों और पेड़ों की जड़ों द्वारा क़ब्रों में फैलकर उन्हें कमज़ोर करना शामिल है.

इसलिए, किसी भी हस्तक्षेप का प्रस्ताव करने से पहले, स्थिति का आकलन करना महत्वपूर्ण है और प्रमुख समस्याओं के बारे में एक निर्णय पर आना है, जिसके कारण क्षति और क्षय हुआ है, बजाय रोगसूचक मरम्मत के जो स्मारक के स्वस्थ और लंबे जीवन को सुनिश्चित नहीं करेगा.

5.3 लागत का अनुमान लगाना

स्मारक का दस्तावेजीकरण और स्थिति सर्वेक्षण किसी भी तकनीकी व्यक्ति द्वारा इंजीनियर या वास्तुकार की तरह किया जा सकता है, लेकिन उन्हें ऐतिहासिक संरचनाओं की मरम्मत और बहाली का कुछ ज्ञान होना चाहिए.

एक बार समस्या का आकलन हो जाने के बाद, इंजीनियर या वास्तुकार मात्राओं के मूल्यों के आधार पर एक अनुमान लगाएंगे, जो न केवल काम करने की प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करेगा, बल्कि ग्राहक / परिवार के सदस्य / चर्च को यह जानने में मदद करेगा कि नवीनीकरण में कितने रुपयों का खर्च आएगा.

फिर दो या अधिक ठेकेदारों से लागत के अनुमान लिए जा सकते हैं, जिन्हें ऐतिहासिक संरचनाओं के साथ काम करने का कुछ पूर्व ज्ञान है. काम तब उचित दरों और तकनीकी ज्ञान के साथ सम्मानित किया जाना चाहिए.

6. मरम्मत के संभावित तरीके

6.1 मरम्मत की सामग्री

20 वीं शताब्दी में निर्माण चूने और मिट्टी को बांधने के लिए और नदी की रेत को अनुपात में मिलाकर इस्तेमाल किया जाता था.

रेत के साथ मिश्रित मिट्टी या मिट्टी का उपयोग गारे के लिए किया जाता था, और चूने और रेत के मिश्रण का उपयोग पलस्तर के लिए किया जाता था.

जली हुई ईंट के चूरे (सुरखी) का इस्तेमाल आमतौर पर गारे और प्लास्टर दोनों में एक त्वरित जमाने के लिए किया जाता था.

यह देखा गया है कि पारिवारिक दफन के लिए बनाई गई कब्रों में कमजोर गारे का इस्तेमाल किया गया था ताकि उन्हें आसानी से फिर से खोला जा

सके और फिर से इस्तेमाल किया जा सके, जबकि बड़े स्मारकों वाले कब्रों में मजबूत गारे और प्लास्टर का इस्तेमाल किया गया था.

पुरानी सामग्री के आंकलन और गारा और प्लास्टर के लिए समान संगत सामग्रियों के पुन: उपयोग की सलाह दी जाती है, विशेष रूप से रंग, सरंध्रता और शक्ति के मिलान को देखते हुए.

6.2 स्मारक के अंग

किसी भी कब्र या स्मारक को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:

a) भूमिगत संरचना

b) चबूतरा

c) सूचना पोर्टल जो कि एक कब्र का पत्थर, सरहाने का कब्र का पत्थर, पैताने का पत्थर या एक स्मारक हो सकता है.

भूमिगत हिस्सा और कब्रों के चबूतरे के निर्माण के लिए ईंट सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री रही है. इसके बाद चबूतरे को पत्थर या प्लास्टर से ढंका जा सकता है.

शिलालेख ले जाने वाले सदस्य आमतौर पर पत्थर के मोटे टुकड़े होते हैं. क्षतिग्रस्त होने पर इन पत्थरों को बदलना मुश्किल होता है.

संरचना को धीरे-धीरे तोड़ने और सामग्री का अध्ययन करने के लिए ध्यान रखा जाना चाहिए, विशेष रूप से इस्तेमाल की गई ईंटों के आकार और ढांकने के लिए इस्तेमाल किए गए पत्थरों की मोटाई और गुणवत्ता जो शिलालेखों के लिए उपयोग की जाती हैं. समान ईंटों और पत्थरों का उपयोग करके नवीनीकरण किया जाना चाहिए.

6.3 न्यूनतम हस्तक्षेप

नवीकीकरण के कार्य में न्यूनतम हस्तक्षेप सबसे अच्छी रणनीति मानी जाती है.इस प्रकार, स्मारक के अच्छी स्थिति में होने पर कोई अनावश्यक कार्य नहीं किया जाना चाहिए.

नवीनीकरण के नाम पर, कोई अक्सर पत्थरों के यांत्रिक सहायता से चमकाया जाने लगता है और पुराने पत्थरों और सिल्मिट को 'नए' पत्थरों के साथ बदल दिया जाता है. यह न केवल ऐतिहासिक संरचना के सौंदर्य मूल्य को नष्ट करता है, बल्कि पुरानी सामग्रियों को भी नुकसान पहुंचाता है.

6.4 कब्र का देहना और ज़मीन के नीचे का ढ़ांचा

पहले संरचना की स्थिरता का परीक्षण करें. यदि यह स्थिर है, तो जमीन के नीचे से काम शुरू करने की कोई आवश्यकता नहीं है.

यदि यह अस्थिर है, तो नीचे दिए गए संरचना के कारणों और स्थिति और दोषों की जांच करें. ज्यादा बारिश अक्सर असमान जमीन के ढ़हने का कारण बनती है. इससे गहराई से धंसी जड़ों वाले पौधों के विकास को तेज़ी मिलती है और यह अक्सर ढ़हने का मुख्य कारण होता है.

यदि कब्र के ऊपर एक बड़े अस्थिर स्मारक मौजूद है तो नींव को मजबूत करने के लिए कंक्रीट, पत्थर या ईंट के साथ नीचे तक पिनिंग जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए.

एक संरचना की मरम्मत, जैसे कि जमीन के नीचे एक चबूतारा या मेहराब, मुश्किल है और कभी-कभी असंभव है अगर एक विशाल स्मारक इसके ऊपर मौजूद है. इंजीनियरिंग सलाह की आवश्यकता हो सकती है.

यदि कब्र पर कोई बड़ा स्मारक नहीं मौजूद है, तो यह पत्थर कोऔर ईंट के काम को ध्यान से हटाकर सावधानीपूर्वक उसमें मौजूद पेड़ों की जड़ों को हटाकर कब्र का सम्पूर्ण रूप से पुनर्निर्माण किया जा सकता है.

नोट: यदि चबूतरे को जमीन के नीचे खोला जाता है, तो मौजूदा हड्डियों के पाए जाने की समस्या है और उन्हें पुन: दफनाने की आवश्यकता है.

उदाहरण के लिए, यह भारत में यह एक प्रमुख मुद्दा है.

6.5 परत चढ़ाना और गिट्टक

पत्थर की परत चढ़ाना निर्माण की एक तकनीक है जिसे आमतौर पर उपयोग किया जाता है और उसी तकनीक का उपयोग चबूतरे और स्मारक को ढंकने के लिए किया जा सकता है. कठिन हिस्सा अक्सर एक टूटे हुए कब्र के पत्थर या कब्र के अभिलेख या भारी सजावटी पत्थर की मरम्मत का होता है.

परंपरागत रूप से, पत्थरों को जोड़ने के लिए पत्थर या लोहे के गिट्टक का उपयोग किया जाता था.

पत्थरों के नुकसान के लिए एक प्रमुख कारण लोहे के गिट्टक में लगा जंग भी है. इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि जोड़नेके लिए लोहे के बजाय स्टेनलेस स्टील या फाइबरग्लास पिन का इस्तमाल किया जाये.

पत्थर को जड़ने और चिपकने वाले पदार्थ स्थानीय रूप से उपलब्ध हैं , उनका उपयोग करके टूटे हुए पत्थरों को गिट्टक और पिन की सहायता से ठीक किया जा सकता है.

6.6 अभिलेख

कब्र के नवीनीकरण के कार्य में सबसे बड़ी चुनौती अभिलेख को होती है. अधिकांश ऐतिहासिक स्मारकों में सीसे के अभिलेख मौजूद थे. सीसा या तो चोरी हो गया या शिलालेखों से गायब हो गया था. आज न केवल सीसा का उपयोग करना गैरकानूनी हो गया है, बल्कि कारीगरों को स्थानीय स्तर पर ऐसा करने के लिए नहीं मिल सकता है. ऐसी सेवाओं का आयात करना बहुत महंगा हो सकता है.

यहां तक कि अन्य प्रकार के अभिलेख जो नक्काशीदार गहरी घाटियों के साथ बने हुए थे, या विषम जड़ाऊ काम से बने हुए हैं, सभी महंगे हो चुके हैं क्योंकि शिल्पकार आसानी से उपलब्ध नहीं हैं.

खोये हुए पत्थर के टुकड़ों को तराशने के लिए पत्थर की नक्काशी करने वालों को ढूंढना अभी भी आसान है; लेकिन उसी पत्थर से मिलते जुलते मोटे पत्थर को हासिल कर पाना बहुत महंगा काम साबित होता है. छोटी संरचनाओं के लिए इस मुद्दे को हल करना संभव नहीं है, जैसे कि कब्रों के नवीनीकरण करने वाले या तो खुद उसको रगते हैं या फिर पॉलिमर इन्फिल का उपयोग करते है. यह दोनों प्रक्रिया अयोग्य हैं और लंबे समय तक नहीं रहते हैं.

इस मुद्दे को ध्यान से देखना महत्वपूर्ण है. स्मारक पर आस-पास या सावधानी से उस पर स्थापित आवश्यक विवरण देने वाला एक अतिरिक्त पट्टिका एक बेहतर विकल्प प्रतीत होगा.

चुनाम: प्लास्टर, एक चूने पर आधारित प्लास्टर कवर

डॉवेल: एक संरचना के कुछ हिस्सों को जोड़ने के लिए एक बहार निकली हुई खूंटी; यह धातु, पत्थर या लकड़ी हो सकती है

कब्रगाह: एक विशेष समुदाय से जुड़े मृतकों को दफनाने के लिए जमीन; यह एक चारदीवारी से घिरा हो सकता है

हेडस्टोन: एक कब्र के सिरहाने पर एक साधारण स्मारक का पत्थर

शिलालेख: स्मारक पर लिखित जानकारी

चारदीवारी: पत्थर या चिनाई के लिए एक कब्र के चारों ओर दीवार

लखौरी: छोटी पक्की ईंट

अभिलेख का पत्थर: एक मकबरे को ढंकने वाला पत्थर, जिसमें शिलालेख होता है, जिसमें रहने वाले की पहचान होती है

सदस्य: स्मारक के भाग

स्मारक: कब्र के ऊपर की जमीन का ढांचा
चबूतरा: एक पत्थर या कंक्रीट पैड जो स्मारकको सहारा देता है

मरम्मत: सुधार करने के लिए विशिष्ट शारीरिक कार्रवाई एक सुविधा या संरचना की स्थिति।

नवीनीकरण: एक कब्रिस्तान के पारिस्थितिकी या उसकी ऐतिहासिक अच्छी स्थिति के लिए एक संरचना वापस करने की प्रक्रिया
मेहराब: एक कब्र के नीचे जमीन की संरचना जिसमें ताबूतों को रखते हैं.

संरक्षण: दिलचस्प और महत्वपूर्ण संरचनाओं और इमारतों का बचाव.

न केवल भारतीय उप-महाद्वीप में, बल्कि भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में, और म्यांमार (बर्मा), और मलेशिया में भी बीएसीए ने दक्षिण एशिया में पर्याप्त संख्या में नवीनीकरण का काम किया है.

बीएसीए का उद्देश्य दक्षिण एशिया में कई सैकड़ों यूरोपीय कब्रिस्तानों, पृथक कब्रिस्तानों और स्मारकों के संरक्षण के लिए लोगों को एक साथ लाना है. यह इनकी मरम्मत और पुनर्स्थापना के कार्यों में मदद करने के लिए सीमित संख्या में छोटे अनुदान प्रदान करता है.

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.bacsa org.uk